हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 9 मार्च 2026

04 कार्यकर्ता ही कांग्रेस की असल ताकत व पहचान...



07 नशा परिवार और समाज की बंधुता को खराब करता...





## खबर संक्षेप

### समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय के लिए किसान पंजीयन की तिथि 10 मार्च तक बढ़ाई

**सागर।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए शासन द्वारा किसान पंजीयन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 10 मार्च कर दी गई है। पूर्व में पंजीयन की अंतिम तिथि 7 मार्च निर्धारित थी। जिले में किसान पंजीयन के लिए सेवा सहकारी समितियों के 104 पंजीयन केंद्र तथा एमपी ऑनलाइन, कॉमन सर्विस सेंटर, कियोस्क और साइबर कैफे के 413 पंजीयन केंद्र स्थापित किए गए हैं। इन पंजीयन केंद्रों के माध्यम से अब तक 48 हजार 765 किसानों द्वारा पंजीयन कराया जा चुका है। गेहूं विक्रय के लिए किसान स्वयं के मोबाइल, कंप्यूटर, ग्राम पंचायतों के सुविधा केंद्र और सहकारी समितियों पर निःशुल्क पंजीयन करा सकते हैं। इसके अतिरिक्त एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर और लोकसेवा केंद्रों पर निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे में 50 रुपये शुल्क जमा कराकर भी 10 मार्च तक पंजीयन कराया जा सकता है। सिकमी, बटाईदार तथा वन पट्टाधारी किसानों का पंजीयन सहकारी समितियों के केंद्रों पर किया जाएगा। सभी किसान बंधुओं से अनुरोध किया गया है कि जो किसान समर्थन मूल्य पर गेहूं का विक्रय करना चाहते हैं, वे निर्धारित समय-सीमा 10 मार्च तक अपना पंजीयन अवश्य करा लें।

### साहित्य और संस्कृति पर राष्ट्रीय संगोष्ठी 10–11 मार्च को

**सागर।** भारतीय ज्ञान परम्परा विश्व की प्राचीनतम, समृद्ध और बहुआयामी परम्पराओं में से एक है, जिसमें भाषा, साहित्य और संस्कृति के विविध आयामों का अद्भुत समन्वय दिखाई देता है। इसी समृद्ध बौद्धिक विरासत को समकालीन संदर्भों में समझने तथा उस पर गंभीर अकादमिक विमर्श को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से संस्कृत विभाग, डॉ. हरीसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय, सागर (मध्यप्रदेश) द्वारा "भारतीय ज्ञान परम्परा में भाषा, साहित्य एवं संस्कृति" विषय पर द्विदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। यह संगोष्ठी विश्वविद्यालय की शोध एवं विकास शाखा तथा आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्त्वावधान में संपन्न होगी। इस द्विदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों, शोध संस्थानों एवं शिक्षण संस्थाओं से प्रख्यात विद्वान, प्राध्यापक एवं शोधार्थी भाग लेकर भारतीय ज्ञान परम्परा के विविध आयामों भाषा, साहित्य, दर्शन, समाज एवं संस्कृति पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। संगोष्ठी का उद्देश्य भारतीय चिंतन की शाश्वत परम्परा को नए बौद्धिक परिप्रेक्ष्य में समझना तथा अकादमिक जगत में सार्थक संवाद की परम्परा को सुदृढ़ करना है।

### मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारी को लेकर बैठक

**सागर।** ज्ञानवीर यूनिवर्सिटी का उद्घाटन समारोह 11 मार्च को दोप. 12.30 बजे आयोजित किया जा रहा है जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव शामिल होंगे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के आगमन को लेकर सुरखी विधानसभा क्षेत्र में तैयारी शुरू हो गई है। तैयारियों को लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत तथा युवा शक्ति संगठन के अध्यक्ष आकाश सिंह राजपूत के नेतृत्व में बैठके आयोजित जा रही है। आज जैसीनगर में शुक्रवार को दोपहर 12:00 बजे बड़े महादेव मंदिर प्रांगण में 3:00 बजे बिलहरा नगर परिषद कार्यालय में तथा शाम 5:00 बजे सुरखी के मंगल भवन में बैठक आयोजित की गई है जिसमें सभी क्षेत्रवासी आमंत्रित हैं। बैठक में अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं से उपस्थित होने की अपील की है जिससे कार्यक्रम को भव्य बनाया जा सके।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के अवसर पर पद्माकर सभागार में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

# आज की महिला अब सहभागी नहीं बल्कि निर्णय कर्ता की भूमिका में है : सांसद डॉ. लता वानखेड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के अवसर पर आज पद्माकर सभागार मोती नगर में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन, सरस्वती वंदना एवं बेटी पैर पूजन के साथ की गई। तत्पश्चात अतिथियों का परिचय एवं स्वागत किया गया जिनमें सांसद डॉक्टर लता वानखेड़े, विधायक सागर शैलेंद्र जैन एवं प्रथम महिला सागर की महापौर संगीता सुशील तिवारी के साथ अतिथिगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर सुप्रीम कोर्ट की वरिष्ठ अधिवक्ता सुश्री दीपा तिवारी द्वारा उद्बोधन में महिलाओं को प्रमुखता से अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देने की बात रखी। सागर नगर विधायक शैलेंद्र द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सभी महिलाओं के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महिला न केवल घर बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर तक अनेक नई ऊंचाइयों को छू रही है। उन्होंने महिलाओं के अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का आह्वान करते हुए अब से प्रत्येक सप्ताह महिला स्वास्थ्य के क्षेत्र में एनीमियां (खून की जांच) एवं स्वास्थ्य परीक्षण किये जाने की घोषणा की।




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद डॉक्टर लता वानखेड़े द्वारा आज की महिला अब सहभागी नहीं बल्कि निर्णयकर्ता की भूमिका में है। भारत की विकास यात्रा का वर्तमान और भविष्य दोनों उसकी भागीदारी से ही पूर्ण होते हैं अतः महिलाओं को और अधिक जागरुक एवं सशक्त बनना होगा । महापौर संगीता तिवारी ने अपने उद्बोधन में महिलाओं को अपने जीवन शैली में सुधार के साथ शिक्षा, पोषण एवं मानसिक रूप से सशक्त होने पर जोर दिया।

इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने पर महिलाओं को सम्मानित किया गया जिनमें बुंदेली भाषा को प्रोत्साहित करने के लिए पर्यवेक्षक नेहा जैन, बाल विवाह एवं विभागीय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन हेतु रजनी बरोलिया, कला के क्षेत्र में निशा पटेल, विविध क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य हेतु राजश्री दुबे, सारिका यादव, संतोष केसरवानी, लक्ष्मी पटेल, निशा परमार, सुषमा रजक, काजुल शांडिल्य को माननीय अतिथि गणों द्वारा सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर लाडली लक्ष्मी योजना अंतर्गत लाडली बेटियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए जिनमें अनविका विश्वकर्मा, काव्या बाल्मिक, अनम खान, आयत खान एवं श्रीनिजा पालीवाल लाडली बेटी सम्मिलित रही। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं एवं विभागीय अधिकारी कर्मचारियों के साथ निकेश गुप्ता, प्रतिभा चौबे, चैन सिंह एवं अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नेहा जैन एवं आभार प्रदर्शन कुलदीप चौबे द्वारा किया गया।

## खुरई में 14 से 15 साल की किशोरियों को एचपीवी का मुफ्त टीका लग रहा

**खुरई ।** शनिवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश मेहतेले ने बताया कि नगर के सभी नागरिकों और अभिभावकों को सूचना दी है कि 14 से 15 साल की किशोरी बालिकाओं को गर्भाशय ग्रीवा सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी वैक्सीनेशन लगाया जा रहा है। यह टीका बालिकाओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए जरूरी बताया है। टीका पूरी तरह निशुल्क है, टीका सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि किशोरी बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाने एचपीवी वैक्सीनेशन जरूरी है। अभिभावक अपनी 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं को नजदीकी सिविल अस्पताल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, चिन्हित स्वास्थ्य संस्थानों में ले जाकर टीका जरूर लगवाएं। उन्होंने कहा कि छोटा सा प्रयास बेटियों के स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य की मजबूत नींव बनेगा।

## खुरई में दसवीं का छात्र फंदे पर लटकता मिला, गंभीर हालत में सागर रेफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई

शहरी थाना क्षेत्र के रानी अवंतीबाई वार्ड (पुराने जरवांस गांव) में शनिवार रात एक छात्र ने फांसी लगा ली। परिजन तत्काल उसे सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे। प्राथमिक इलाज के बाद उसे गंभीर हालत में सागर रेफर कर दिया गया। छात्र के फांसी लगाने का कारण अभी पता नहीं चल पाया है।

जानकारी के मुताबिक शनिवार की रात रानी अवंतीबाई वार्ड में रहने वाले एक दसवीं के 16 साल के छात्र ने अज्ञात कारणों के चलते अपने कमरे में फांसी लगा ली, अचानक से घर के एक सदस्य ने यह सब देख लिया।

### दो दिन पहले खत्म हुआ था बोर्ड एग्जाम

परिजनों ने तुरंत उसे फांसी के फंदे से उतारा और तत्काल उसे सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीर हालत में बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज सागर रेफर कर दिया गया। परिजनों का कहना है कि दो दिन पहले ही उसकी दसवीं की परीक्षा समाप्त हुई है।

किस वजह से उसने यह कदम उठाया है, इसका कारण तो फिलहाल अज्ञात है।

## सामुदायिक पुलिसिंग के तहत गोद लिए ग्राम डूंगासरा में पुलिस प्रशिक्षण शाला सागर ने लगाया महिला स्वास्थ्य शिविर

**सागर।** अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण राजाबाबू सिंह के निर्देशानुसार सामुदायिक पुलिसिंग को बढावा देने एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को समस्त भर्ती होने वाले पुलिस कर्मियों में संप्रेषित करने मध्य प्रदेश पुलिस की विभिन्न प्रशिक्षण इकाईयों के द्वारा अपने आस पास के ग्रामों को गोद लिया गया है । इस पहल के माध्यम से प्रत्येक शनिवार/रविवार ग्रामों में सामुदायिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम आयोजित कराये जाते है जिसके अंतर्गत विभिन्न सामाज एवं जनउपयोगी कार्यक्रम जिनमें स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य शिविर, विभिन्न कृषि उपयोगी कार्यशाला, विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम इत्यादी कार्य संपादित कराये जाकर पुलिस और समाज के बीच सामंजस्य एवं विश्वास स्थापित किया जा रहा है । इसी तारतम्य में पुलिस प्रशिक्षण शाला सागर द्वारा गोद लिये गांवों में चलाये जा रहे सामुदायिक कार्यक्रमों की श्रंखला में आज ग्राम डूंगासरा में 15 वें नवआरक्षक बुनियादी प्रशिक्षण के प्रशिक्षु एवं पीटीएस स्टाफ तथा आपस फाउण्डेशन के प्रतिनिधियों के संयुक्त तत्वाधान से महिला रोगों संबंधी स्वास्थ शिविर का आयोजन किया । कार्यक्रम की शुरूआत पुलिस अधीक्षक लवली सोनी द्वारा महिला संबधी समस्याओं के विषय में महिलाओं एवं बच्चियों को किन किन समस्याओं का सामना करना पडता है एवं उनके बचाव हेतु क्या क्या उपाय सरकार के द्वारा किये जा रहें है के विषय में जानकारी दी। उसके उपरांत आपस फाउण्डैशन की प्रतिनिधि प्रति सिंह के द्वारा स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ जानवी मुखारया के परिचय उपरांत महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श प्रारंभ किया गया। शिविर का आयोजन ग्राम के आगनवाडी भवन में किया गया जिसमें आंगनवाडी कार्यकर्ता कलि ठाकुर एवं रीनू चौबे एवं सहायिका सीता अहिरवार के सहयोग से ग्राम की 70 महिलाओं एवं बच्चियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाकर उचित परामर्श दिया गया एवं सेनेटरी पेड वितरित किये गये। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक महोदया एवं आपस एनजीओ सगंठन के प्रतिनिधि के साथ प्रशिक्षुओं एवं पीटीएस स्टाफ के द्वारा ग्राम भ्रमण किया गया जिसमें स्कूल के आसपास साफ सफाई एवं अधिक गहरे गढढों को भरने हेतु योजना बनाई जाकर स्कूल प्रशासन एवं पंचायत सदस्यों को अवगत कराया गया साथ ही अगले भ्रमण हेतु कार्यक्रम की योजना तैयार की गई । पुलिस प्रशिक्षण शाला सागर की टीम में अफरोज खान निरीक्षक रूपाली पाण्डये, निरीक्षक मिनी पाठक, उनि राकेश कन्नोजिया, सउनि आर सोबरन एवं आंनद उपस्थित रहे ।

## प्रेम, समर्पण, सम्यक और सद्भाव का पर्व है होली : पूरन सिंह राजपूत

**सागर।** द्वापर युगीन श्री कृष्ण राधिका जी की होली आज उन्हीं प्रतीकों के रूप में मनाई जाती है यह पारंपरिक उत्सव ब्रजभूमि में 40 दिनों तक मनाया जाता है। देश और हमारे देश के इतर भी इन्हीं प्रतीकों को मानकर होली का उत्सव, रंगोत्सव, बसंतोत्सव आदि रूपों में मनाते हैं। हमारे देश के तो सभी प्रांतों में यह उत्सव मनाते हैं। प्रेम, समर्पण, सम्यक और सद्भाव का पर्व है होली। हमारे पूर्वज कवियों ने कहा है कि नैन नचाय, कही मुसकाय। लला फिर आइयो खेलन होरी।। यह हमारे नगर के पूर्वज कवि पद्माकर जी हैं। बंधुओं आधुनिक कवियों ने भी होली पर भांति-भांति के श्रृंगारिक और रसिक गीतों की रचनाएं की है जैसे अंग अंग में फागुन उतरो, दमके रंग गुजरियन के। समस्त जड़ चेतन पर फगुनाई बासंतिक का असर होता है यह एहसास, अनुभव और अनुभूति प्रत्येक को होती है। यह बात सागर से पूरन सिंह राजपूत ने कही, वह बुंदेलखंड हिंदी साहित्य संस्कृति विकास मंच सागर की शनिवार को आयोजित साप्ताहिक 1625 वीं संगोष्ठी और ऑनलाइन 303 वीं संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे थे। सागर से अमित मणीकांत चौबे ने काव्य पाठ करते हुए संगोष्ठी का संचालन किया। सागर से डॉ नलिन निर्मल जैन ने भक्ति-भाव से माँ सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की। इसके पूर्व अपने स्वागत भाषण में सागर से अमित मणीकांत चौबे ने स्वागत की परंपरा का निर्वाह करते हुए समस्त साहित्य मनीषियों का स्वागत करते हुए पांच दिवसीय रंगोत्सव पर्व के शुभकामनाएं दी तथा अंत में सभी उपस्थितों का आभार व्यक्त किया। इस गोष्ठी में काव्य पाठ हेतु बड़ा मलहरा से डॉ देवदत्त द्विवेदी सरस, रीवा से डॉ बारेलाल जैन, टीकमगढ़ से राजेंद्र चतुर्वेदी 'लाल' शमिल थे।

राष्ट्रीय सेवा योजना (छात्र इकाई) ने सात दिवसीय विशेष शिविर का तीसरा दिन

# मेनपानी में उद्यानिकी एवं फूड प्रोसेसिंग से संबंधित व्याख्यान कार्यक्रम और जुंबा विधा का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सहोद्रा राय शासकीय पॉलीटेक्निक महा विद्यालय सागर में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना (छात्र इकाई) के तत्वाधान में गोद ग्राम मेनपानी में चलाये जा रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन समस्त स्वयंसेवकों की प्रातः काल की उपस्थिति के बाद प्रथम सत्र में शासकीय हाई स्कूल मेनपानी प्रांगण में उध्यानिकी विभाग से सेवानिवृत्त डॉ. आर. के. मिश्रा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हुए।

सर्वप्रथम राष्ट्रीय सेवा योजना के *कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मयंक कुमार रूसिया ने डॉ. आर.के.मिश्रा का परिचय देते हुए बताया कि आज का विषय जैव प्रौद्योगिकी उद्यानिकी एवं फूड प्रोसेसिंग से संबंधित विषय की जानकारी देने के लिए आयोजित किया गया है। इस सत्र का मुख्य उद्देश्य प्राकृतिक वनस्पति का उपयोग करते हुए पर्यावरण संरक्षण एवं मानव जीवन को स्वास्थ्य लाभ देना है। अपने वक्तव्य में डॉ. मिश्रा सर ने ग्रीष्म कालीन, लाभकारी जूस, कैचअप एवं अन्य मौसमी फलों जैसे नींवू, बेर, एवं बेल से स्वास्थ्य वर्धक पेय पदार्थ बनाने की विधि एवं इसका उपयोग आय अर्जन, लघु उद्योग स्थापित करने, एवं व्यवसायिक उपयोग में कैसे किया जा सकता है, इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही उन्होंने यह बताया की इस तरह के पेय पदार्थ पेट संबंधी विकारों को दूर करने, और गर्मी की तीव्रता में ठंडक देने का काम करतें हैं। जिसको बनाने की विधि अत्यंत सरल, कम लागत बाली, स्वास्थ्य वर्धक, एवं अधिक आय देने बाली, स्वरोजगार से जोड़ने बाली है। सभी स्वयं सेवकों ने यह सत्र बड़ी तंमयता से सुना। इस इस अवसर पर शासकीय हाई स्कूल की प्राचार्य डॉक्टर अंजू श्रीवास्तव कार्यक्रम अधिकारी डॉ मयंक रूसिया पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के शिक्षक सुदर्शन केसरवानी, श्रीराम आठिया एवं अन्य स्टाफ सहित समस्त स्वयंसेवक उपस्थित थे। दिन के द्वितीय सत्र में स्वयंसेवकों के विभिन्न दल और उनके दल प्रमुख बनाये गये, प्रत्येक दल को गांव की अलग-अलग दिशाओं में घर-घर भेज कर उनसे उनके परिवार सदस्यों के संबंध में, शिक्षा, रोजगार स्थिति, आय स्त्रोत, शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी की स्थिति, इत्यादि बिंदुओं से परिपूर्ण ग्रामीण सर्वेक्षण का स्वनिर्मित प्रारूप भरवाया गया। सर्वेक्षण के बाद हाई टी ब्रेक किया।




स्वयं सेवकों के स्वलपाहार के बाद व्यायाम के माध्यम से मनोरंजन विषय पर व्याख्यान और प्रस्तुतिकरण के लिए सर्टिफाइड योगा ट्रेनर और जुंबा विशेषज्ञ आदित्य प्रजापति आये, जिनका स्वागत रोरी एवं एन. एस.एस. बैज लगाकर, और श्रीफल देकर किया गया। प्रजापति ने बड़ी ही आसान व्यायाम मुद्राओं के द्वारा नृत्य कला की विधाओं को हिंदी गीतों की धुन के आधार पर पर पहले खुद करके दिखाया, फिर स्वयं सेवकों से इसका अभ्यास कराया। विद्यार्थियों ने बड़ी ही तंमयता और जोश के साथ यह व्यायाम आधारित जुंबा नृत्य के कुछ स्टेप्स सीखे।



## महिला दिवस के अवसर पर कांग्रेस सेवादल परिवार ने किया महिलाओं का सम्मान

**सागर।** महिला दिलस के अवसर पर कांग्रेस सेवादल परिवार ने घर घर जाकर बुजुर्ग कांग्रेसी महिलाओ का सम्मान किया। सेवादल परिवार ने पूर्व उप नेता प्रतिपक्ष, पूर्व पार्षद और वरिष्ठ कांग्रेसी नेत्री किरण मिश्रा, अरणा दुबे, किरण सिंघई, स्वाति मिश्रा (पंचायत सचिव), अंबिका मिश्रा (शिक्षक), श्रीमति मीना सांडिल्य और शिवरानी कोरी के घर पहुंच कर उनका सम्मान किया।सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे ने वरिष्ठ महिलाओं को साल श्रीफल देकर उन्हे सम्मानित कर उनका आर्शीवाद लिया। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष बाबू सिंह यादव, नितिन पचौरी, शरद मिश्रा, सुशील शांडिल्य, एड.राजेश मिश्रा, विकास दुबे, सुनील मिश्रा, कृष्णा मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## धधक उठा जंगल: गढ़वाली पहाड़ी क्षेत्र में आग लगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्यारसपुर

गर्मियों की शुरुआत होते ही जंगलों में आग लगने की घटनाएं सामने आने लगी हैं। ग्यारसपुर वन परिक्षेत्र के आसपास फैले प्राकृतिक जंगलों में भी आग ने वन संपदा को भारी नुकसान पहुंचाना शुरू कर दिया है।जानकारी के अनुसार ग्यारसपुर नगर के चारों ओर फैले अधिकांश जंगल वन विकास निगम के हैंडओवर में हैं। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गर्मी शुरू होते ही जंगलों में आग लगने का सिलसिला प्रारंभ हो गया है।इसी कड़ी में ग्यारसपुर नगर से लगे गढ़वाली पहाड़ी क्षेत्र, जहां श्मशान शेड और वन विभाग की नर्सरी स्थित है, वहां के जंगल में आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने आसपास के क्षेत्र को अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया, जिससे बड़ी मात्रा में वन संपदा जलकर खाक हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अभी



## राज्य स्तरीय एनएचएम की टीम ने ग्राम कंखर, बेलाई व बहना निरीक्षण किया

**सागर।** राज्य स्तरीय एनएचएम टीम द्वारा विकासखंड बीना के अंतर्गत ग्राम कंखर, बेलाई एवं बहना का निरीक्षण किया गया। इस दौरान स्टेट कोऑर्डिनेटर एनएचएम डॉ. शिखा तोमर एवं संभागीय कोऑर्डिनेटर हुसैन खान द्वारा खंड चिकित्सा अधिकारी संजीव अग्रवाल, जागेश्वर राज बीसीएम के साथ क्षेत्र का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान विकासखंड में संचालित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों का अवलोकन किया गया। टीम द्वारा कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की स्थिति का जायजा लेते हुए संबंधित स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए। निरीक्षण के दौरान समुदाय स्तर पर बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण एवं एनीमिया नियंत्रण से संबंधित गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा की गई तथा कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए गए।



## लाइनमैन दिवस पर हुआ लाईनमैनों का सम्मान

**सागर।** केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण विद्युत मंत्रालय नई दिल्ली की मनसा अनुसार 7 मार्च को कंपनी क्षेत्र अंतर्गत समस्त फ्रंटलाइन टीम विद्युत लाइन कार्मिक को सम्मानित किए जाने के लिए लाइनमैन दिवस कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। पूर्व क्षेत्र कंपनी द्वारा लाइन कर्मियों के सम्मान में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी सागर वृतांअंतर्गत लाइनमैन दिवस मनाया गया । सागर में मकरोनिया कैंपस स्थित सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अभियंता देवेंद्र कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि लाइनमैन हमेशा कठिन परिस्थितियों में भी कार्य में लगा रहता है । उन्होंने कहा अपेक्षा करता हूं कि आप सभी विद्युत सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करते हुए प्रत्येक कार्य मैं सुरक्षा उपकरणों का अनिवार्य उपयोग सुनिश्चित करेंगे। शून्य दुर्घटना लक्ष्य जीरो एक्सीडेंट टारगेट को प्राप्त करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उल्लेखनीय है लाइनमैन कर्तव्य और साहस के अनकहे नायक है आज का दिन उन अदृश्य नायकों को समर्पित है जिनकी मेहनत की बदौलत हमारी बिजली व्यवस्था सुचारू रूप से चलती है जो 24 घंटे 365 दिन सेवा में लगा रहता है। प्रबंध संचालक के संदेश का वाचन अधीक्षण अभियंता चंद्र रेखा प्रभाकर ने किया। लाइनमैन दिवस पर 18 कॉरपोरेट 10 स्थानीय स्तर पर एवं तीन को दिल्ली में सम्मानित किया गया। मीटर परीक्षण संभाग से गंगाराम मेहरा एवं राजपाल जाटव राहतगढ़ से अवधेश, बमोरी रेगवा से राम ठाकुर, जैसीनगर से किशनलाल, नरयावली से वीरू मोतीलाल, सिविल ऑफिस क्षेत्री भंडार कार्यालय संचालन संधारण संभाग के बीना खुरई सागर रहली बंडा से उत्कृष्ट कार्य करने वाले लाईनमैनों को सम्मानित किया गया । इस अवसर पर मुख्य अभियंता कार्यालय में पदस्थ अधीक्षण अभियंता शांति परते कार्यपालन अभियंता मनोज रोतेल, वीरेंद्र परते, प्रदीप साहू, आर एल पटेल , अजय नामदेव, नवीन मालवीय, अमित पोरवाल, डीपी प्रजापति, आईडी कुर्मी, विनय नामदेव, मुन्नालाल साहू सहित बड़ी संख्या में लाइनमैन एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन जिनेश जैन ने किया।

युवक व नाबालिग प्रेमिका ने कोतवाली के सामने खाया जहर, पुलिस की तत्परता से टली बड़ी अनहोनी

# साहब...हम जहर खा चुके हैं, सुनते ही थाना पुलिस की अटकी सांसें



हरिभूमि न्यूज ▸▸ टीकमगढ़

प्रेम, डर और जहर, इन तीनों शब्दों का एक ही वक्त पर एक ही स्थान पर ध्यान कोतवाली पुलिस को उस वक्त आया जब उनके सामने खड़े होकर बातचीत कर रहे एक प्रेमी युगल की अचानक हालत बिगड़ने लगी। और जब पूछने पर प्रेमी युगल ने कहा कि वो मरने के उद्देश्य से जहर खाकर आएं हैं। तो ये वाक्य सुनते ही पुलिस के पैरो तले जमीन खिसकने लगी।

आनन फानन में प्रेमी जोड़े को तत्काल अस्पताल ले जाया गया और उनका उपचार शुरू कराया गया। उपचार के दौरान कोतवाली पुलिस की तब तक सांसें अटकी रही, जब तक की डॉक्टर ने उक्त युवक और नाबालिग युवती को खतरे से बाहर नहीं बताया। जब डॉक्टर ने कहा कि अब युवक युवती खतरे से बाहर हैं। तब पुलिस की जान में जान आई।

## दमोह से आए प्रेमी युगल ने अटकाई कोतवाली पुलिस की सांसें

शनिवार रात टीकमगढ़ कोतवाली में उस समय सनसनी फैल गई जब दमोह से भागकर आए एक प्रेमी जोड़े ने थाने पहुंचते ही कहा कि साहब हम जहर खा चुके हैं। यह सुनते ही थाने में हड़कंप मच गया। कुछ ही देर में दोनों की हालत बिगड़ने लगी, जिसके बाद कोतवाली थाना प्रभारी रवि भूषण पाठक ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया। समय पर इलाज मिलने से दोनों की जान बच गई जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दमोह निवासी दीपेश सेन अपनी नाबालिग प्रेमिका के साथ शनिवार देर शाम अचानक टीकमगढ़ कोतवाली पहुंचा। दोनों बेहद तनाव में दिखाई दे रहे थे। पुलिस से बातचीत के दौरान ही दोनों की तबीयत तेजी से बिगड़ने लगी और उन्होंने बताया कि वे जहर खाकर आए हैं। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए कोतवाली प्रभारी रवि भूषण पाठक ने तुरंत सक्रियता दिखाते हुए अपनी गाड़ी से दोनों को जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उनका इलाज शुरू किया। पुलिस की मुस्तैदी के कारण दोनों की जान बच सकी।

## प्रेम संबंध के पारिवारिक विरोध में हुई एफआईआर बनी तनाव की वजह

पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि युवक और नाबालिग युवती के बीच लंबे समय से प्रेम संबंध थे। युवती के परिजनों को जब इसकी जानकारी मिली तो उन्होंने दमोह के संबंधित थाने में युवक के बिरुद्ध शिकायत दर्ज करा दी। इसके बाद दोनों पर सामाजिक और कानूनी दबाव बढ़ गया, जिसके चलते उक्त प्रेमी युगल घर छोड़कर टीकमगढ़ भाग आए और तनाव में आकर जीवनलीला समाप्त करने की नीयत से जहर खाने जैसा खतरनाक कदम उठा लिया।



### कोतवाली पुलिस की सक्रियता से टली अनहोनी

उक्त मामले में कोतवाली पुलिस की तत्परता से बड़ी अनहोनी होने से बच गई। अगर कोतवाली पुलिस थोड़ी सी देर भी करती तो मामला गंभीर हो सकता था। कोतवाली प्रभारी रवि भूषण पाठक की त्वरित कार्रवाई और तत्काल अस्पताल पहुंचाने के कारण दोनों प्रेमी युगल की जान बच गई। अगर इलाज में देरी हो जाती तो कोई भी अनहोनी हो सकती थी जो पुलिस के लिये सिरदर्द साबित हो जाती। हालांकि मामला दमोह जिले से संबंधित था लेकिन टीकमगढ़ कोतवाली में बनी परिस्थितिवश अगर कोई अनहोनी होती तो पुलिस के लिये परेशानी का सबब तो बन ही जाती। लेकिन कोतवाली प्रभारी पाठक की तत्परता और त्वरित कार्यवाही के चलते कोई अनहोनी नहीं हुई।

### इनका कहना है...

शनिवार देर रात को एक युवक और युवती थाने आए थे। तब बातचीत के दौरान लगा कि वे किसी गंभीर संकट में हैं। तभी जहर खाने की जानकारी मिलते ही हमने तुरंत उन्हें अस्पताल पहुंचाया। समय पर इलाज मिलने से दोनों सुरक्षित हैं।

रवि भूषण पाठक,
कोतवाली प्रभारी, टीकमगढ़

### नाबालिग होने से मामला और गंभीर

कोतवाली पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त युवती नाबालिग है, इसलिए मामला और अधिक संवेदनशील हो गया है। टीकमगढ़ कोतवाली पुलिस के अनुसार दमोह में इस मामले को लेकर पहले से शिकायत दर्ज है। आशंका जताई जा रही है कि वहां अपहरण या पॉक्सो एक्ट के तहत भी मामला दर्ज हो सकता है। जिसके चलते रविवार सुबह दमोह पुलिस की टीम टीकमगढ़ पहुंची और प्रेमी युगल के स्वास्थ्य में सुधार होने के बाद दोनों को कानूनी प्रक्रिया के तहत अपने साथ ले गई।

ब्लॉक कांग्रेस की बैठक में दी नवनियुक्त पदाधिकारियों को जिम्मेदारी, संगठन मजबूत करने का आह्वान

# कार्यकर्ता ही कांग्रेस की असल ताकत व पहचानः विधायक यादवेंद्र सिंह



हरिभूमि न्यूज ▸▸ टीकमगढ़

जमीनी कार्यकर्ता ही कांग्रेस पार्टी की असल ताकत और पहचान है। उक्त संबोधन क्षेत्रीय विधायक यादवेन्द्र सिंह बुंदेला ने निज निवास पर आयोजित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए दिया। इस दौरान कांग्रेस पार्टी के नवनियुक्त पदाधिकारी और बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उक्त बैठक के प्रमुख मुद्दों में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर जोर देना, नव-नियुक्त पंचायत व वार्ड अध्यक्षों को जिम्मेदारी से परिचित कराना, जनहित के मुद्दों पर सक्रियता बढ़ाना और कांग्रेस की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाने का प्रयास करने जैसे मुख्य मुद्दे शामिल रहे।

कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने के उद्देश्य से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी टीकमगढ़ की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को विधायक यादवेंद्र सिंह के तालदरवाजा स्थित निज निवास पर आयोजित की गई। बैठक में संगठन विस्तार, कार्यकर्ताओं की सक्रियता और जनहित के मुद्दों को लेकर व्यापक चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक यादवेंद्र सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की असली पहचान उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी का हर कार्यकर्ता संगठन की ताकत है और उसी की मेहनत से कांग्रेस की विचारधारा गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे आपसी एकजुटता के साथ जनता के बीच सक्रिय रहकर उनकी समस्याओं को समझें और उनके समाधान के लिए संघर्ष करें। उन्होंने कहा कि संगठन जितना मजबूत होगा, उतनी ही मजबूती से कांग्रेस जनहित के मुद्दों को उठा सकेगी। बैठक में नव-नियुक्त पंचायत एवं वार्ड अध्यक्षों का स्वागत करते हुए विधायक यादवेन्द्र सिँह ने उन्हें शुभकामनाएं दीं और कहा कि सभी पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में संगठन को सक्रिय बनाते हुए कांग्रेस की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें।

बैठक में पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को गांव और वार्ड स्तर तक मजबूत करने पर विशेष चर्चा हुई। कार्यकर्ताओं से कहा गया कि वे नियमित रूप से क्षेत्र में सक्रिय रहकर जनता के बीच पार्टी की नीतियों और योजनाओं की जानकारी पहुंचाएं। बैठक में नव-नियुक्त पंचायत और वार्ड अध्यक्षों को संगठनात्मक जिम्मेदारियों के बारे में मार्गदर्शन दिया गया और उनसे उम्मीद जताई गई कि वे अपने क्षेत्र में कांग्रेस को और मजबूत करेंगे। बैठक में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, पंचायत एवं वार्ड अध्यक्ष और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने संगठन को मजबूत बनाने और कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। उक्त बैठक में जिला संगठन महामंत्री संजय नायक, पंकज अहिरवार, सूर्य प्रकाश मिश्रा, अनीश अहमद अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी टीकमगढ़, गौरव शर्मा, आशा राम यादव, लक्ष्मण रैकवार, भरत सोनी, इसरार मोहम्मद, फरीद खान, पूनम जायसवाल सहित ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजन

# 'महिला पुलिसकर्मी समाज में विश्वास, सुरक्षा का महत्वपूर्ण स्तंभ'



हरिभूमि न्यूज ▸▸ टीकमगढ़

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च को पुलिस कंट्रोल रूम में एक गरिमामय एवं आत्मीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा जिले की महिला पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ केक काटकर उन्हें महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दी गईं तथा उनका मुँह मीठा कराकर इस विशेष दिवस की खुशियाँ साझा की गईं।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक मंडलोई द्वारा महिला पुलिसकर्मियों के समर्पण, कर्तव्यनिष्ठा और संवेदनशील कार्यशैली की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी गई। उन्होंने कहा कि टीकमगढ़ पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा, स्वतंत्रता और समानता के उद्देश्य से चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं, जिनसे जिले में महिला अपराधों में कमी तथा महिलाओं में जागरूकता और विश्वास का वातावरण मजबूत हुआ है। पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने सभी महिला पुलिसकर्मियों का उनके योगदान के लिए धन्यवाद व्यक्त करते हुए उन्हें इन उपलब्धियों से अवगत कराया तथा आगे भी समाज में महिला सुरक्षा और सम्मान को सुदृढ़ करने के लिए इसी समर्पण और संवेदनशीलता के साथ कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि महिला पुलिसकर्मी समाज में विश्वास और सुरक्षा का महत्वपूर्ण स्तंभ हैं, जिनकी भूमिका पुलिस और नागरिकों के बीच संवेदनशील संवाद स्थापित करने में अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा, एसडीओपी राहुल कटरे, जिला वैज्ञानिक अधिकारी डॉ. प्रदीप यादव, रक्षित निरीक्षक कनक सिंह चौहान, रक्षित निरीक्षक कैलाश पटेल, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रविभूषण पाठक, थाना प्रभारी देहात निरीक्षक चंद्रजीत यादव सहित जिले की सभी महिला पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के माध्यम से महिला सम्मान, सहभागिता और सकारात्मक पुलिसिंग का संदेश दिया गया तथा समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान और समानता की भावना को और अधिक सुदृढ़ करने का संकल्प दोहराया गया।

कुएं में मिला बछड़े का कटा सिर, बोरी में भरे मिले अंग

# बल्देवगढ़ के कैलपुरा ग्रामीणों में आक्रोश हिंदू संगठनों ने दी चक्का जाम की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ टीकमगढ़

जिले के बल्देवगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कैलपुरा में शनिवार शाम उस समय तनाव की स्थिति बन गई जब ग्वाल सागर तालाब के पास स्थित एक कुएं में बछड़े का कटा हुआ सिर और बोरी में बाकी शरीर के अंग मिलने की जानकारी सामने आई। इस घटना से पूरे इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने जब कुएं के अंदर संदिग्ध बोरी और पशु अवशेष देखे तो तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए। कुछ ही देर में बल्देवगढ़ थाना पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और जांच शुरू की। मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने जब कुएं से बोरी निकलवाई तो उसमें पशु के कटे हुए अंग मिले। जांच में सामने आया कि बछड़े का सिर अलग कर दिया गया था और बाकी शरीर के टुकड़े बोरी में भरकर कुएं में फेंक दिए गए थे। इस घटना को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं और लोगों में भारी रोष देखा गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पशु चिकित्सा विभाग की टीम को बुलाया गया। सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्रेया असाटी ने जांच के बाद पुष्टि करते हुए बताया कि बरामद सिर बछड़े का है और शव करीब 4 से 5 दिन पुराना है। वहीं वन विभाग ने भी स्पष्ट कर दिया कि यह शव नीलगाय का नहीं है। उक्त घटना के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस की मौजूदगी में जेसीबी मशीन की मदद से पशु अवशेषों को दफना दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। उन्होंने प्रशासन को 24 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी कि यदि आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो क्षेत्र में चक्का जाम किया जाएगा।



### इनका कहना है...

एसडीओपी राहुल कटरे ने बताया कि उक्त मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच की जा रही है और आरोपियों की पहचान के लिए सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। अभी बयान लिए जा रहे हैं। जो भी दोषी होगा, कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## हादसे में घायल की इलाज के दौरान मौत

**ललितपुर।** तालबेहट के ग्राम रारा के पास हुए एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए युवक की ग्वालियर में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर अज्ञात मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम रारा निवासी रामचरन कुशवाहा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका छोटा भाई कामता पुत्र परसादी बीते मंगलवार, 3 मार्च की रात करीब 8 बजे घर लौट रहा था। इसी दौरान गांव के पास ही पीछे से आ रही तेज रफ्तार मोटरसाइकिल (यूपी 94 वाई 1857) ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। परिजनों ने आनन-फानन में घायल कामता को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालबेहट में भर्ती कराया, जहां सिर की गंभीर चोट को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। हालत में सुधार न होने पर उसे वहां से भी ग्वालियर रेफर किया गया। बीते तीन दिनों से जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहे कामता ने शुक्रवार, 6 मार्च को इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया है।

## घर में घुसकर मां-बेटे की पिटाई, महिला का हाथ टूटा

**ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के नेहरू नगर में पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों ने एक घर में घुसकर मां और बेटे पर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में महिला का हाथ फ्रैक्चर हो गया है, जबकि उसका बेटा भी गंभीर रूप से घायल है। पुलिस ने एक ही परिवार के चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सिद्धंन मुहल्ला बी केबिन के पास नेहरू नगर निवासी माया पत्नी स्व. रमेश ने पुलिस को बताया कि घटना 3 मार्च की रात करीब 1.30 बजे की है। जब वह अपने परिवार के साथ घर पर थीं, तभी पड़ोस में रहने वाले संतोष, उसके दो बेटे सोहन व सतीश और पत्नी संतोषी एकराय होकर उनके घर में घुस आए और गाली-गलौज करने लगे। तहरीर के मुताबिक, जब माया ने गालियां देने से मना किया, तो आरोपियों ने उन पर लात-घूसों और डंडों से हमला कर दिया। मां को पिटता देख जब उनका बेटा डेनी बीच-बचाव करने आया, तो हमलावरों ने उसे भी बुरी तरह पीटा। हमले के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले। घायल अवस्था में माया और उनके पुत्र का चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया, जिसमें माया के उल्टे हाथ में फ्रैक्चर और डेनी के सिर में चोट की पुष्टि हुई है।

वनरक्षकों पर लगे छेड़खानी आरोप मामले में एसडीएम को दिए निर्देश

# मैं यही हूं, कार्यवाही कर सूचित करें: प्रदेशाध्यक्ष मानवाधिकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ टीकमगढ़

वन क्षेत्र की सुरक्षा का भार जिन वन रक्षकों के कंधों पर हो और ऐसे वन रक्षक महिलाओं के प्रति घृणित मानसिकता रखते हुए महिलाओं से उनके घर जाकर छेड़खानी करें। साथ ही परिजनों को धमकी भी दें। और ऐसे गंभीर मामले में भी अगर पुलिस कार्यवाही न हो तो थाना क्षेत्र की कानून व्यवस्था का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। लेकिन जब उक्त मामला एकदिवसीय प्रवास पर टीकमगढ़ आए मानवाधिकार आयोग के प्रदेशाध्यक्ष के समक्ष पहुंचा तो उन्होंने मामले की गंभीरता समझते हुए मौके पर मौजूद एसडीएम को उक्त आवेदन सहित मामला सौंपकर दो टूक कहा कि मैं अभी टीकमगढ़ में ही हूं, इसलिए इस मामले में संबंधित अधिकारी से कार्यवाही की बात करके शाम तक मुझे सूचित कीजिये।

दिगोड़ा थाना में दिए आवेदन में ग्राम पनियाराखेरा निवासी पीड़ित महिलाओं ने बताया कि पनियाराखेरा सबरेंज में पदस्थ वन रक्षक बाबूलाल विश्वकर्मा और सूर्यप्रताप ठाकुर घर पर आए और पति से बोले कि चना वूट चाहिए, तब पति खेत पर चना तोड़ने चले गए। तब उक्त दोनों वन रक्षकों ने बच्चों को पैसे दिए और महिलाओं से अभद्रता करने का प्रयास करने लगे। जब महिलाओं ने इसका विरोध किया और हल्ला मचाया तो एक महिला का पति मौके पर आ गया। तब महिलाओं ने पूरा मामला बताया, तब दोनों वन रक्षकों ने महिलाओ को परिजनों सहित धमकी दी कि अगर किसी से कुछ कहा तो तुम्हारी फसल में आग लगा देंगे।



### डरे सहमे महिला अपने पति के साथ पहुंची थाने, नहीं हुई सुनवाई

उक्त वाक्ये से डरी सहमी हुई पीड़ित महिलाएं जब संबंधित दिगोड़ा थाने पहुंची और आवेदन देकर अपनी आपवीती बताकर कार्यवाही की मांग की तो दिगौड़ा थाने में महिलाओ से आवेदन तो ले लिया गया लेकिन पावती नहीं दी गईं। और महिलाओ से जाने के लिए कह दिया गया। जिसके बाद दोनों पीड़ित महिलाएं टीकमगढ़ मुख्यालय पहुंची। लेकिन पुलिस का महिला दिवस कार्यक्रम के चलते महिलाओ की सुनवाई नहीं हो पाई। तब किसी ने उक्त पीड़ित महिलाओं को मानवाधिकार आयोग के प्रदेशाध्यक्ष से मिलवाया। जिन्होंने महिलाओं के आवेदन को गंभीरता से लिया। और कार्यवाही के लिये निर्देशित कर सूचित करने के लिये भी कहा।

### मानवाधिकार प्रदेशाध्यक्ष ने दिए दो टूक निर्देश

मानवाधिकार प्रदेशाध्यक्ष अवधेश प्रताप सिँह एक दिवसीय प्रवास पर जिला मुख्यालय पर मौजूद है। जब इसकी जानकारी पीड़ित महिलाओं को मिली तो दोनों महिलाओ ने जाकर मानवाधिकार प्रदेशाध्यक्ष अवधेश प्रताप सिँह को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई। इस दौरान टीकमगढ़ एसडीएम संस्कृति मुदित लिटोरिया और कोतवाली थाना प्रभारी रवि भूषण पाठक भी मौके पर मौजूद थे। उक्त मामले की गंभीरता को देखते हुए मानवाधिकार प्रदेशाध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह ने पहले पूरा आवेदन पढ़ा और महिलाओं से उनकी पीड़ा पूछी। और फिर उक्त आवेदन मौके पर मौजूद एसडीएम लिटोरिया को देते हुए कहा कि इस मामले में कार्यवाही कराइये और मुझे शाम तक सूचित भी कीजिये। मैं अभी यही टीकमगढ़ में ही हूँ।

### महिला दिवस के दिन महिलाओं से छेड़छाड़ लेकिन आंख बंद किए जिम्मेदार

दुख की बात तो ये है कि 8 मार्च को महिला दिवस है और महिला दिवस के दिन एक ओर तो जिले के जिम्मेदार बरिष्ठ अधिकारियो द्वारा महिलाओ के सम्मान में कार्यक्रम किये जा रहे। लेकिन दूसरी ओर महिला दिवस के दिन ही दो महिलाओ के साथ अभद्रता किये जाने के प्रयास जैसे घिनोने मामले में पुलिस व वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी उदासीन बने हुए है। दुख की बात तो ये है कि जब उक्त मामले में वन विभाग के डीएफओ राजाराम परमार से फोन पर उनका बात करने का प्रयास किया गया तो उनसे संपर्क नहीं हो पाया। बही दूसरी ओर वन परिक्षेत्र अधिकारी सौरभ जैन का फोन स्विच ऑफ बता रहा था। बही पुलिस विभाग महिला सम्मान कार्यक्रम में व्यस्त था।

### इनका कहना है...

मुझे उक्त मामले की जानकारी मिली है। यह मामला बेहद गंभीर है। इसमें दोनों पक्षों को सुनकर विभागीय तौर पर निष्पक्ष जांच की जाएगी। और दोषी के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

मनीषा बघाड़े
उपवनमंडल अधिकारी टीकमगढ़

### 24 विकास के बिंदुओं के साथ बजट पास कराने पर रस्साकसी तय

# 6 माह बाद जारी हुआ परिषद का एजेंडा, 16 को बैठक आयोजित होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

6 माह से आ रहे नगर पालिका परिषद के ठहराव में उस समय गति आने की उम्मीद दिखाई दी, जब सीएमओ आरआर यादव ने शनिवार की शाम बजट पास करने को लेकर आयोजित महत्वपूर्ण बैठक से जुड़ा एजेंडा जारी कर दिया। इस एजेंट में जहां बजट को पास करना परिषद में सत्ता पक्ष के लिए चुनौती होगी वहीं 40 विकास के बिंदुओं को भी हरी झंडी दी जाएगी।

सीएमओ द्वारा जो एजेंडा जारी किया गया है उसमें विभिन्न वार्डों में विकास के कार्य को स्वीकृति देने जैसे 40 बिंदु शामिल है पर इससे अधिक खास बिंदु बजट 2026-27 को लेकर है आगामी कार्य योजना की स्वीकृति मिलने के बाद आगामी वर्ष में विकास कार्य नगर पालिका परिषद करा सकेगी इसलिए यह बैठक सत्ता पक्ष वाले पार्षदों के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। ज्ञात हो कि बीते साल बजट की बैठक में ही दो तिहाई पार्षदों ने बैठक का बहिष्कार कर दिया था तब कयास लगाए जा रहे थे की बैठक कोरम के अभाव में स्थगित हो जाएगी लेकिन अध्यक्ष रेनू राठौर ने तीन सदस्यों के साथ ही बैठक कर ली और बाद में उस बैठक को विपक्ष द्वारा दी गई चुनौती का आज तक कोई असर नहीं हुआ। और परिषद की बैठक उस समय विधिवत होना आज भी रिकॉर्ड में दर्ज हैं उसी को देखते हुए इस बार विपक्ष बैठक से बहिर्गमन करने के बजाय सदन में मौजूद रहकर वोट डालने वाली स्थिति निर्मित कर सकता है अगर ऐसी स्थिति रही तो फिर सत्ता पक्ष के लिए बजट को पास करना मुश्किल भी हो सकता है।




### 6,08,000 लाभ का बजट तैयार

सीएमओ ने बैठक में पास कराने के लिए बजट का जो एजेंडा जारी किया है वो 6 लाख 8 हजार रुपए लाभ का बनाया गया है। एजेंडे में 113,76,40,000/- रुपए का अनुमानित आंकलन किया है वहीं 113,70,32,000/- का अनुमानित व्यय किया गया है जिससे बजट 6,08,000 रुपए लाभ का तैयार हुआ है हालांकि बजट प्राथमिक दृष्टि में लाभकारी है और इसमें विकास की कई संभावनाएं दर्शाई गई हैं लेकिन कई बिंदु ऐसे हैं जिन पर हंगामा होना तय है खासकर चुंगी क्षतिपूर्ति राशि को लेकर चुंगी क्षतिपूर्ति राशि को बजट में बढ़ाकर आने की उम्मीद जताई है जबकि विगत वर्ष जितना अनुमान किया गया था उससे आधा भी नहीं आ सका जिससे कर्मचारियों को वेतन के लाले पूरे साल पड़ते रहे।

### बैठक की अध्यक्षता अबूझ पहेली

16 मार्च को होने वाली बैठक की अध्यक्षता कौन करेगा यह बात फिलहाल अबूझ पहेली बनी हुई है। हालांकि सीएमओ ने जो एजेंडा जारी किया है उसमें अध्यक्ष के नाते रेनू राठौर का नाम उसमें लिखा हुआ है पर हाईकोर्ट ने अध्यक्ष रेनू राठौर को जिस तरह पावर लेस किया है उससे तो वह बैठक की अध्यक्षता नहीं कर सकती हैं अगर ऐसा हुआ तो या तो वह बैठक में अनुपस्थित रहेंगी या फिर पार्षद की हैसियत से बैठक में बैठेंगी क्योंकि अगर वोट डालने की स्थिति आई तो एक-एक वोट कीमती होगा। अगर रेनू राठौर अध्यक्षता नहीं करेंगी तो कौन करेगा विपक्ष तो बोल रहा है कि उपाध्यक्ष संजय महाना बैठक की अध्यक्षता करेंगे पर यह भी हो सकता है कि जिस तरह पीआईसी की बैठक पार्षद कलावती गौतम की अध्यक्षता में करवाई गई उसी तरह किसी और पार्षद से बैठक की अध्यक्षता कराई जा सकती है इसका निर्णय भी पार्षद ले सकते हैं लेकिन सीएमओ द्वारा नपाध्यक्ष रेनू राठौर के नाम से एजेंडा जारी करना फिलहाल चर्चा में है।

### जिले की सबसे बड़ी मुस्लिम धार्मिक सामाजिक संस्था का प्रभार अब अकरम खान पर

# चार्ज से पहले नागौरी ने समाज के सामने पेश किया 8 साल का हिसाब




हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

विगत दिनों मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड द्वारा श्योपुर जिले में मुस्लिम समाज की सबसे बड़ी सामाजिक धार्मिक संस्था जामा मस्जिद अंजुमन इस्लाम का प्रभार रविवार को तत्कालीन अंजुमन सदर शब्बीर नागौरी ने अकरम खान को सौंप दिया। प्रभार सौंपने से पहले शब्बीर नागौरी ने अपने 8 साल के काम का ब्यौरा समाज के सामने रखा।

करीब 20 लाख रुपए सालाना आय वाली अंजुमन इस्लाम कमेटी का प्रभार रविवार को समारोह पूर्वक अकरम खान को सोपा गया। इन आठ सालों में अपने कार्यकाल का ब्यौरा समाज की उपस्थिति में निवर्तमान सदर शब्बीर नागौरी ने पेश करते हुए बताया कि कैसे उन्होंने आमजन का सहयोग लेकर जीर्णशीर्ण हो चुकी जामा मस्जिद का निर्माण करीब डेढ करोड रुपए लागत से किया इसके अलावा जर्जर हो चुके मुसाफिरखाना को तोड़कर उसे आधुनिक रेस्ट हाउस का स्वरूप दिया गया और भी ऐसे कई काम किए गए जिससे अंजुमन कमेटी की आए पहले से दोगुनी हो गई कार्यक्रम की अध्यक्षता शहर काजी अतीकुल्लाह कुरैशी ने की। कार्यक्रम का संचालन मुस्तफा दाऊदी ने किया जबकि 8 साल के कामकाज का लेखा जोखा हाफिज मुक्तलिब ने समाज के सामने पढ़कर सुनाया।

**इनका कहना है**

बीते 8 सालों में अंजुमन का जो व्यवसायिक विकास हुआ है वह काबिले तारीफ है उसके लिए निवर्तमान कमेटी बधाई की पात्र है। मेरी कमेटी मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा डॉ सनवर पटेल के निर्देशानुसार समाज के आर्थिक और शैक्षणिक उत्थान के लिए काम करेगी मेरी मंशा समाज में शिक्षा का स्तर ऊंचा उठाना प्राथमिकता रहेगा। समाज के बच्चों को पढ़ाने के अंजुमन का खजाना खुला रहेगा।

अकरम खान
नवागत सदर अंजुमन इस्लाम कमेटी श्योपुर

### शिक्षकों की समस्या सुनने आज से लगेगा खंड स्तरीय शिविर

श्योपुर। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षकों से जुड़ी समस्याओं को सुनने और उसका निराकरण करने के उद्देश्य हर साल खंड स्तरीय एवं जिला स्तरीय समस्या निवारण शिविर आयोजित किए जाते रहे हैं इस साल यह शिविर 9 मार्च से बीईओ कार्यालय श्योपुर में शुरू होगा। बीईओ मधु शर्मा द्वारा शिविर से जुड़े निर्देश संकुल प्रिंसिपलों को देते हुए बताया कि शिक्षको के लंबित स्वत्वों एवं सेवा संबंधी प्रकरणों के त्वरित निराकरण हेतु संदर्भित शासन ने पूर्व में शिविर स्थल शा. उत्कृष्ठ विद्यालय श्योपुर रखा था लेकिन वहां बोर्ड परीक्षा मूल्यांकन कार्य संचालित होने से विकास खण्ड श्योपुर स्तर का शिविर बीईओ कार्यालय श्योपुर पर 9 मार्च से 18 मार्च तक आयोजित किया जाएगा इस परिवेदना निवारण कैम्प में कर्मचारीगण अपनी समस्याए निर्धारित संलग्न प्रारुप पर प्रस्तुत कर सकेगें। बीईओ ने सभी संकुल प्रिंसिपलों से अपने अधिनस्थ कर्मचारियों को अवगत कराने के निर्देश दिए हैं।

### महिलाओं के प्रति सम्मान की भावना विषय पर कार्यक्रम आयोजित



श्योपुर। शासकीय आदर्श कन्या महाविद्यालय श्योपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 06 मार्च से 12 मार्च तक गोदग्राम रायपुरा में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य छात्राओं में सामाजिक जिम्मेदारी, नेतृत्व कौशल एवं सामुदायिक सेवा के माध्यम से व्यक्तिगत विकास करना है। इसी क्रम में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के प्रति सम्मान की भावना विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महिला थाना प्रभारी रीना सोलंकी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में रासेयो जिला संगठक डॉ वकील सिंह कौशल एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ ओ पी शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिला थाना प्रभारी रीना सोलंकी द्वारा महिला सुरक्षा से संबंधित कानून, पोक्सो एक्ट के संबंध में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए कानून ने विशेष अधिकार दिए है जिसमें बलात्कार, यौन उत्पीड़न एवं घरेलू हिंसा से सम्बंधित मामलों के शिकायतकर्ता महिला का नाम गोपनीय रखा जाता है। इसके पश्चात जिला संगठक डॉ वकील सिंह कौशल ने युवा छात्राओं को मोटिवेट करते हुए कहा कि हम सभी के द्वारा ऐसे कार्य किए जाए जो समाज की प्रगति में योगदान दे सके और बताया कि रासेयो स्वयंसेवकों द्वारा अपने आस पास तथा अन्य लोगों को जल संरक्षण, यातायात के नियमों का पालन करने के प्रति जागरूक करना चाहिए।

### ईरान, इजरायल-अमेरिका युद्ध के चलते कुवैत में फंसे श्योपुर के दूल्हे का हुआ ऑनलाइन निकाह

# कुवैत में रह रहे दूल्हे ने श्योपुर में मौजूद दुल्हन से वीडियोकॉल पर इजहारे कबूल किया





हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

रविवार को शहर श्योपुर के मेवाती मोहल्ला में एक घर के भीतर कई मेहमान मौजूद थे सभी ने नए कपड़े पहने हुए थे खुशी का आलम था इस बीच मेहमानों से भरे उस घर में खास मेहमान (शहर काजी अतीक उल्लाह कुरैशी) की एंट्री हुई सभी लोग एहतराम करते हुए काजी साहब को सबसे अच्छी जगह देकर बैठने को बोलने लगे। काजी साहब ने बैठने के तत्काल बाद अपना बस्ता खोलकर निकाह वाला रजिस्टर निकाला और निकाह के लिए दूल्हा दुल्हन के नाम की एंट्री करने लगे। काजी साहब ने दूल्हे के कॉलम के आगे नाम समीर लिखा लेकिन वहां समीर मौजूद नहीं था अलबत्ता उसके पिता और तमाम रिश्तेदार मौजूद थे यहां तक की दुल्हन और उसके माता-पिता तथा कई रिश्तेदार भी जमा थे पर दूल्हा कहीं दिखाई नहीं दे रहा था न ही दूल्हे के बारे में कोई दरियाफ्त कर रहा था। शहर काजी ने रजिस्टर में लिखा पढ़ी कि औपचारिकता पूरी कर ली तो उन्होंने दूल्हे को बुलाने के बजाए मोबाइल मांगा और दूल्हे के पिता बल्ला मेवाती ने उन्हें वीडियो कॉल लगाकर मोबाइल थमा दिया। मोबाइल में विडियो कॉल आया दूल्हा बना समीर नजर आया जो शहर और देश से दूर समंदर पार कुवैत में बैठा हुआ था शहर काजी ने मोबाइल पर ही दूल्हे से निकाह की रस्में अदा कराते हुए दुल्हन अलमिशा पुत्री शौकत अली से निकाह के बारे में रजा मंदी ली तो दूल्हे ने लगातार तीन बार दोहरा दिया कि वो अलमिशा को अपने निकाह में रखने को राजी है। दूल्हे की ओर से इजहार ए कबूल होने के बाद दुल्हन से रजामंदी ले गई तो दुल्हन ने भी निकाह कबूल होने कि हामी भर दी फिर क्या था एक दूसरे को बधाई देने का सिलसिला चला रसम के अनुसार छुहारे बांटे गए। दरअसल दूल्हा समीर कुवैत में काम करने गया था और उसका आज निकाह था उसे वापस लौटना था लेकिन ईरान इराक अमेरिका युद्ध के बीच फ्लाइट बंद होने से आ नहीं सका नाते रिश्तेदारों में कार्ड बट गए थे खुले मन से मशवरा लेने के बाद ऑनलाइन निकाह की सहमति हुई जिसके बाद यह निकाह पढ़ाया गया ऑनलाइन निकाह पढ़ने का यह श्योपुर जिले में यह पहला अवसर था।

दरअसल श्योपुर शहर के मेवाती मोहल्ला में रहने वाले बल्ला मेवाती ने अपने बेटे समीर का रिश्ता शहर के ही शौकत मेवाती की लड़की से तय कर दिया था। शादी की तारीख तय हो चुकी थी रविवार को निकाह होना था लेकिन दुल्हा समीर कुवैत में काम करने गया था जहां से उसे दो-तीन दिन पहले ही वापस लौटना था लेकिन अमेरिका इजरायल और ईरान के बीच हुए युद्ध के कारण फ्लाइट बंद हो गई जिससे वह वहां से नहीं निकल सका उलेमाओं (धार्मिक विद्वानों) से मशवरा लिया तो उन्होंने बताया कि लड़का कुवैत से सहमति दे दे तो भी निकाह हो जाएगा शहर काजी को बुलाकर उनका फैसला जानना चाहा तो उन्होंने भी ऑनलाइन निकाह पढ़ाने की स्वीकृति दे दी इसके बाद निकाह की तैयारी पूरी हो गई एक कमरे में दुल्हन को सजा कर बैठाया गया सारे नाते रिश्तेदार मौजूद रहे सादे समारोह में वीडियो कॉल के माध्यम से निकाह की रस्में अदा की गई।

### दो साल पहले लिया गया फैसला भी बना सहयोगी

ऑनलाइन निकाह पढ़ाने में 2 साल पहले उलेमा ए दीन द्वारा लिया गया एक सकारात्मक फैसला भी सहयोगी बना। दरअसल 2 साल पहले मुस्लिम समाज ने एक निर्णय लेते हुए शादी विवाह को साधारण तरीके से करने का निर्णय लिया था जिसमें डीजे बैंड बाजा बंद कर दिया गया था ऐसी स्थिति में जब बैंड बाजा नहीं बज रहा है तो फिर दूसरे समारोह करने का भी कोई मतलब नहीं है यह कारण भी ऑनलाइन निकाह में सहयोगी बना लोगों का कहना है कि अगर 2 साल पहले निर्णय नहीं लिया जाता तो हो सकता है कि परिजन बैंड बाजा बजाने की जिद के कारण इस निकाह को टाल देते। शहर काजी अतीक उल्लाह कुरैशी ने बताया कि 2 साल में 2000 के करीब निकाह हो चुके हैं और किसी भी निकाह में बैंड बाजा नहीं बजाया गया।

**इनका कहना है**

बल्ला मेवाती का लड़का कुवैत में रह रहा है फ्लाइट नहीं आ रही थी परिवार के लोगों ने ऑनलाइन निकाह पढ़ाने की बात कही तो दीन में इसकी गुंजाइश होने से निकाह पढ़ाया गया इस्लाम में निकाह को आसान किया है मुश्किल नहीं।

अतीक उल्लाह कुरैशी
शहर काजी श्योपुर

### वर्धा बुजुर्ग सहराने मे आयोजित हुआ बंधुत्व एवं नशाखोरी पर संवाद

# नशा परिवार और समाज की बंधुता को खराब करता है:जय सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



शराब खोरी की आदत हमारे परिवार और समाज दोनों की प्रतिष्ठा खराव करती है और हमारा आपसी भाईचारा बिगड़ता है इसलिए हमें शराब आदि नशे का पूर्ण रूप से वहिष्कार करना चाहिये होली हमें प्रेम का संदेश देती है। इसलिए इस मौके पर यह संकल्प लेना चाहिए कि किसी तरह का मतभेद हमारे बीच यदि है तो होली की अग्नि में उसे जला दें तथा आपस में मिलजुल कर रहे है। यह बात रविवार को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस अवसर पर ग्राम बर्धा बुजुर्ग कॉलोनी में आयोजित समुदाय बैठक को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए समाज सेवी जय सिंह जादौन ने कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता गन्ना आदिवासी ने की। जबकि विशेष वक्ता के रुप मे वरिष्ठ समाजसेवी कैलाश पाराशर मौजूद थे। इस दौरान उपस्थित लोगों से बन्धुत्व के मूल्य पर नशा खोरी का प्रभाव पर आपसी संवाद किया।

इस मौके पर महात्मा गांधी सेवा आश्रम के उपाध्यक्ष कैलाश पाराशर ने कहा कि होली में आपने खूब नशाखोरी की होगी पर अब उसे त्यागने का संकल्प लें क्योंकि शराबपान से न केवल पैसे की बर्बादी होती है वहीं अपना स्वास्थ्य भी खराब होता है। युवाओं में नशे की आदत के कारण दुर्घटना भी बढ रही है जिनमें प्राण खोने वालों में सहरिया युवा ही सर्वाधिक हैं। कार्यक्रम के अंत में एकता परिषद के जिलाध्यक्ष गंगाराम आदिवासी ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भागा आदिवासी गंगे आदिवासी टुलया सन्तोवाई हरिराम आदि अनेक लोग मौजूद थे।

### बड़ौदा की कृष्णा बिहार कॉलोनी में भरा नहर का पानी

# मालूम ही नहीं चल रहा प्लॉट जमीन पर खरीदा है या तालाब में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



बड़ौदा में काटी गई कृष्ण बिहार कॉलोनी जिसका कॉलोनाइजर उसे सर्वसुविधायुक्त बताने में कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ते हैं लेकिन उक्त व्यवस्थित कॉलोनी के व्यवस्थित होने की पोल रविवार को तब खुल गई जब चंबल नहर का पानी कॉलोनी में भर गया। अब पानी नहर से निकल कर कॉलोनी में कैसे पहुंचा यह जांच का विषय है लेकिन कॉलोनी में मकान बनाकर रह रहे लोगों के समझ में यह नहीं आ रहा है कि उन्होंने कॉलोनी में प्लॉट जमीन पर खरीदे हैं या तालाब में।

बड़ौदा नगर की कृष्ण बिहार कॉलोनी में रविवार की सुबह नहर का पानी भर जाने से पूरी कॉलोनी जलमग्न हो गई। जिससे कॉलोनी में मकान बनाकर रह रहे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कॉलोनाइजर द्वारा प्लॉट बेचकर कॉलोनी तो बसा दी गई, लेकिन पानी निकासी की कोई समुचित व्यवस्था नहीं की गई। नहर का पानी कॉलोनी में घुसने से सड़कों और घरों के आसपास पानी भर गया है, जिससे लोगों का घर से निकलना तक मुश्किल हो गया है। कॉलोनीवासियों का यह भी कहना है कि कई बार जिम्मेदार अधिकारियों और नगर परिषद को समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं किया गया। ऐसे में बारिश या नहर का पानी आने पर कॉलोनी में बाढ़ जैसे हालात बन जाते हैं।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में होगा आयोजन

# महिला कबड्डी प्रतियोगिता आज से विजेता टीम को 21 हजार रुपए मिलेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन तथा सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद के निर्देशन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 9 मार्च को राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन प्रातः 11 बजे से पीजी कॉलेज खेल मैदान स्थित इंडोर हॉल में किया जा रहा है। इस अवसर पर महिला वर्ग में रस्साकसी खेल का आयोजन भी होगा।

आरजीएसके के समन्वयक उदय सिंह धाकड ने बताया कि प्रतियोगिता में महिला प्रतिभागियों हेतु आयु की कोई सीमा निर्धारित नहीं है। किसी भी वर्ग की इच्छुक महिला खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग ले सकती हैं। महिला कबड्डी प्रतियोगिता में विजेता टीमों को पुरस्कार राशि प्रदान की जायेगी। प्रथम पुरस्कार के रूप में 21 हजार, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 11 हजार एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में 5100 रूपये की राशि दी जायेगी। इसके अलावा अन्य तीन टीमों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में 1100 रूपये की राशि प्रदान की जायेगी। इस अवसर पर रस्साकसी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को शील्ड प्रदान की जाएगी। प्रतियोगिता में जनपद पंचायतों सहित विभिन्न विभागों की महिला एवं बालिकाएं टीमे भाग लेंगी।

### एनआरएलएम की टीमों ने किया खेलाभ्यास

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाली जिला स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता में एनआरएलएम अंतर्गत संचालित स्वसहायता समूहों की दो टीमे भाग लेगी। प्रतियोगिता से पूर्व महिला स्वसहायता समूहों की टीमों द्वारा आजीविका प्रशिक्षण केन्द्र के मैदान में खेलाभ्यास किया गया। डीपीएम एनआरएलएम सोहनकृष्ण मुदगल ने बताया कि एनआरएलएम की कराहल और श्योपुर की दो टीमे प्रतियोगिता में भाग लेंगी।

# तीनों निकायों के नगर कांग्रेस अध्यक्ष मनोनीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

ब्लॉक अध्यक्ष घोषित करने के बाद अब कांग्रेस कमेटी ने नगर अध्यक्ष भी घोषित कर दिए हैं। श्योपुर जिले की तीनों नगर निकायों में नगर अध्यक्ष बनाए गए हैं यह जानकारी कांग्रेस जिला अध्यक्ष मांगीलाल फौजी ने दी। उन्होने बताया कि पीसीसी अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर पूरे प्रदेश में नगर अध्यक्षों की सूची रविवार को जारी की गई है जिसमें महेश प्रजापति को श्योपुर नगर , हरिओम बेरवा को बड़ौदा नगर एवं कृष्ण कुमार शर्मा को विजयपुर नगर का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है तीनों नगर अध्यक्ष शीघ्र ही जिला अध्यक्ष एवं ब्लॉक अध्यक्ष की सहमति से नगर कार्यकारिणी बनाकर पीसीसी कार्यालय से अनुमोदन हेतु भेजेंगे।

### चना फसल के पंजीयन की अंतिम तिथि 16 मार्च

श्योपुर। कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा समर्थन मूल्य पर चना फसल विक्रय करने हेतु विपणन रबी वर्ष 2025-26 (विपणन वर्ष 2026-27) में ई-उपार्जन पोर्टल पर चना फसल के पंजीयन हेतु 33 केन्द्र निर्धारित किये गये है। चना फसल की पंजीयन अवधि दिनांक 16 मार्च 2026 तक नियत है। उप संचालक जीके पचौरिया ने बताया कि पंजीयन के लिए आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था मर्यादित आवदा, विपणन सेवा सहकारी संस्था कराहल, वृहत्ताकार सहकारी संस्था मर्यादित बड़ौदा, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित बोरदादेव, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित नयागांव तेहखण्ड, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित राडेप, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित लुहाड़, वृहत्ताकार सहकारी संस्था मर्यादित फिलोजपुरा, वृहत्ताकार सहकारी संस्था मर्यादित तलावड़ा, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित नयागांव ढोढपुर, सेवा सहकारी संस्था उतनवाड, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित ओछापुरा, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित रघुनाथपुर, विपणन सहकारी संस्था वीरपुर, वृहत्ताकार सहकारी संस्था मर्यादित विजयपुर, विपणन सहकारी समिति विजयपुर, सेवा सहकारी समिति सहसराम, वृहत्ताकार सहकारी संस्था मर्यादित श्योपुर, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित जलालपुरा, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित नागदा, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित सोंईकलां, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित नागरगावडा, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित आसीदा, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित वीजरपुर, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित ननावद, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित गोहेडा, वृहत्ताकार सहकारी संस्था मर्यादित दातरदा, वृहत्ताकार सहकारी संस्था मर्यादित मानपुर, सेवा सहकारी संस्था सोंठवा, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित जावदेश्वर, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित तलावदा, सेवा सहकारी संस्था गुरुनावदा, वृहत्ताकार सहकारी संस्था मर्यादित पाण्डोला केन्द्र बनाये गये है।

## खबर संक्षेप



### एकल वन यात्रा में बच्चों ने सुनाई प्रेरणा दायक कहानी और गीत

**अशोकनगर।** एकल अभियान द्वारा गांव गांव में पंचमुखी शिक्षा के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे जनजाति समाज के बच्चों को शिक्षा देने और सामाजिक समानता को बढ़ावा देने के लिए काम किया जाता है। जिसको लेकर एकल अभियान ट्रस्ट को 2017 के लिए गांधी शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। शनिवार को एकल अभियान अंचल गुना के संच अशोकनगर के विद्यालय ग्राम अमहाई में पी सेवन जागरण शिक्षा प्रभारी विकास जैन नखराली ने विद्यालय के साथ ग्राम का निरीक्षण किया और उन्होंने बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए होली पर्व की शुभकामनाएं दी। बच्चों ने प्रेरणा दायक कहानी और राष्ट्र भक्ति से ओतप्रोत गीत सुनाकर सभी का मन मोह लिया। जिस पर अतिथियों ने विद्यालय के बच्चों को मिठाई एवं चाकलेट वितरण कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर अशोकनगर संच अध्यक्ष हरिओम शर्मा, अंचल महिला सचिव रेनू जैन, संच प्रमुख मिट्ठन केवट, विद्यालय आचार्य सपना कुशवाह सहित बड़ी संख्या में विद्यालय के बच्चें उपस्थित रहे।

### मारपीट की घटनाओं के अनेक मामले दर्ज किए

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत पठार मोहल्ला निवासी सपना सेन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी शेरू बानो पत्नि हनीफ खान ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खड़ीचरा निवासी फैलीराम अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी दौजा अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खडीचरा निवासी संजय अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी वीरसिंह और जसवीर अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बुढ़ावली निवासी देवीसिंह लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी भगवान सिंह,रचना लोधी, रमेश चन्द्र और राजाबेटी लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कदवाया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भरका निवासी ओमकाबाई गुर्जर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी हरपाल और सुरेन्द्र गुर्जर ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### साइट के न चलने से किसान परेशान, नहीं करा पा रहे पंजीयन

**पिपरई।** क्षेत्र में इन दिनों किसानों को पंजीयन कराने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सरकारी पोर्टल की साइट बार-बार बंद रहने या सही तरीके से न चलने के कारण किसान अपना पंजीयन नहीं करा पा रहे हैं। इससे किसानों में चिंता और नाराजगी देखने को मिल रही है। दिलीप धाकड़, कृष्ण कुमार धाकड, वीरन सिंह विश्वकर्मा और कई किसानों ने बताया कि कई हम सुबह से ही पंजीयन केंद्रों पर पहुंच रहे हैं, लेकिन साइट न चलने के कारण उनका काम नहीं हो पा रहा है। घंटों इंतजार करने के बाद भी पंजीयन प्रक्रिया पूरी नहीं हो पा रही, जिससे किसानों को बार-बार चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। किसानों का कहना है कि पंजीयन की अंतिम तिथि नजदीक है, ऐसे में यदि समय पर साइट नहीं चली तो कई किसान पंजीयन से वंचित रह सकते हैं। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि साइट की तकनीकी समस्या जल्द ठीक कराई जाए, ताकि सभी किसान आसानी से अपना पंजीयन करा सकें। गांव के रकबा नहीं खुल रहे जिससे हम पंजीयन नहीं कर पा रहे हैं। ग्राम खोकसी के किसान हरजीत सिंह ढिल्लों रणजीत सिंह ढिल्लों कृपाराम यादव नवाब खान के गांव का रकबा नहीं खुल रहा पंजीयन करवाते हैं तो ओटीपी आ जाता है लेकिन खसरा नंबर नहीं खुल रहे हैं जिस से हम पंजीयन नहीं कर पा रहे और तारीख नजदीक आ रही है यह सब कब तक चलेगा।

महिला दिवस पर नपाध्यक्ष ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को किया सम्मानित

# आज की महिला अब समाज की नियति बदलने वाली शक्ति है: डॉ.विनोद पंथी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नगर पालिका में महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस, स्वास्थ्य, रेलवे, खेल और सामाजिक सेवा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान कर उनके योगदान को सराहना की। नगर पालिका अध्यक्ष लता सकवार के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में समाज के हर वर्ग की सक्रिय महिलाओं को सम्मान प्रदान किया गया। इसमें विशेष रूप से पुलिस विभाग से कानून व्यवस्था बनाए रखने वाली महिला पुलिसकर्मी एसआई प्रीति थापा, रेवती पटेल, आराधना, साल्वी हजारी, स्वास्थ्य विभाग से महिला चिकित्सक डॉ रिया जैन एवं नेहा कटारे, रेलवे से रेल कर्मचारी रोहणी यादव का सम्मान किया गया। इसके अलावा एथलीट में बीना क्षेत्र का नाम रोशन करने वाली काजल रजक, आस्था रजक एवं संजना अहिरवार को भी सम्मानित किया गया।

इसके अलावा अन्य सामाजिक कार्यकर्ता, ब्यूटीशियन, सिलाई बुनाई करने वाली और अपने दम पर पहचान बनाने वाली आत्मनिर्भर महिलाएं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक विनोद पंथी ने कहा कि आज की महिला अब समाज की नियति बदलने वाली शक्ति है। हर क्षेत्र में उनकी भागीदारी गौरव का विषय है। डॉ. सुवर्णा आचवल (स्त्री रोग विशेषज्ञ) ने कहा कि महिला का स्वास्थ्य ही परिवार और समाज की नींव है। हमें अपनी सेहत के प्रति जागरूक रहकर ही सशक्त बनना होगा। भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री ज्योति दुबे ने कहा कि सरकार की योजनाओं और महिलाओं के दृढ़ निश्चय ने आज उन्हें नेतृत्व की पंक्ति में खड़ा कर दिया है। पूर्व जिलाध्यक्ष प्रीति नायक ने कहा कि संगठित होकर काम करने से महिलाएं किसी भी बड़ी चुनौती का सामना कर सकती हैं, इसलिए हमें संगठित रहना बहुत जरूरी है। पार्षद (सभापति) भारती राय ने नारी के तीन रूप का उदाहरण देते हुए कहा कि कन्या के रूप में पूजन होता है वहीं दुर्गा के रूप में घ्रर गृहस्थी संभालती है और जरूरत पड़ने पर काली का रूप लेकर विपत्तियों से लड़ना भी जानती है। नारी स्वयं में ही शक्ति शाली है। क्यों कि यह वरदान उसे ईश्वर ने स्वयं की ताकत के रूप दिया है और नारी की यह ताकत उससे कोई नहीं छीन सकता। क्योंकि हम भारत की नारी है, जो सब पर भारी है। इसके अलावा डॉ. जयश्री साहू, डॉ. रश्मि सिंघई एवं डॉ. रश्मि जैन ने शिक्षा, आत्मरक्षा और आत्मनिर्भरता पर जोर देते हुए महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में सभी का आभार व्यक्त करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष लता सकवार ने कहा कि आज हम यहां केवल अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाने के लिए एकत्रित नहीं हुए हैं, बल्कि हम उस संघर्ष और मेहनत को नमन करने को एकत्रित हुए है जो एक महिला हर दिन जीती है। चाहे वह पुलिस की वर्दी में हमारी सुरक्षा कर रही हो, स्वास्थ्य विभाग में जीवन बचा रही हो, या एक एथलीट के रूप में मैदान पर तिरंगा लहरा रही हो आज की नारी ने साबित कर दिया है कि उसके लिए कोई भी आसमान छूना असंभव नहीं है। उन्होंने कहा कि एक आत्मनिर्भर महिला केवल खुद का भविष्य नहीं संवारती, बल्कि वह आने वाली पीढ़ियों के लिए एक मिसाल पेश करती है। कार्यक्रम का संचालन रितिका तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पूर्व नपाध्यक्ष नीतू राय, पार्षद (सभापति ) रश्मि कुशवाहा, पार्षद प्रतिमा ठाकुर, पार्षद अनुराधा यादव, पार्षद राजकुमारी ठाकुर, पूर्व पार्षद सुनीता राय, ज्योति सराफ, लता शर्मा, ममता नामदेव, माधवी चौरसिया, राधिका ठाकुर, लक्ष्मी नामदेव, माधुरी शर्मा, रोशनी बाल्मीकि बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।

## अथक पथ संग्रहालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन



**बीना।** अथक पथ संग्रहालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राजगढ़ से पधारी मोना सुस्तानी, केंद्रीय विद्यालय प्राचार्य सुनीता गुप्ता, बीओआरएल से विवेक जायसवाल, आईटी किड्स की संचालिका शिक्षाविद रचना शर्मा ने किया। इस मौके पर मोना सुस्तानी ने बताया कि आज महिलाएं अनेक क्षेत्र में आगे बढ़ रही है । लेकिन परिवार के साथ सामंजस्य बनाकर यदि हम काम करें तो जीवन सुखी एवं समृद्ध बन सकता है। रचना शर्मा ने महिला दिवस पर रचना पाठ किया। इस अवसर पर संग्रहालय के संचालक राम शर्मा, रिया व्यास, नैंसी जैन, यशस्वी पटेरिया ने मोना सुस्तानी, रचना शर्मा, प्राचार्य सुनीता गुप्ता, प्रधान आरक्षक आराधना व्यास, साल्वी हजारी का माल्यार्पण कर शाल श्रीफल एवं स्मृति चंद्र देकर सम्मानित किया। वहीं आराधना व्यास ने निधि, सुमन, रितिका पंथी, रिया व्यास, नैंसी जैन को स्मृति चिन्ह दिए। इस अवसर पर मैंकल रिछारिया ने महिलाओं को संबोधित करते हुए गीत की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर प्रवीण शर्मा, विवेक जायसवाल, आयुषी जैन, अनीता पार्थिवी आदि उपस्थित रहे।

महिला दिवस पर समर कैंप का हुआ शुभारंभ

## 41 किलो में महिमा ने वैशाली को फाइनल में हराया



**बीना।** रिफाइनरी प्रोजेक्ट लक्ष्य द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 3 दिवसीय समर केंप का आयोजन का शुभारंभ आगासौद के खेल भवन में कुश्ती खेल से किया गया। कुश्ती खेल में महिला पहलवानों ने अपना प्रदर्शन किया। 32 किलो में चंदा और रानी बंजारा के बीच कुश्ती हुई। जिसमें चंदा विजेता रही। 35 किलो में ममता बंजारा प्रथम, श्रद्धा द्वितीय स्थान पर रही। 38 किलो में आयुषी प्रथम और सिमरन द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 41 किलो में महिमा ने वैशाली विश्वकर्मा को हराकर फाइनल में विजेता रही। जिसमें निर्णायक की भूमिका में मुस्कान साहू रही। इस अवसर समर कैंप में महिला अतिथि के रूप में दीपाली कुशवाहा, सुहानी घोषी, अंजली चौरसिया, मेघा कुशवाहा सभी राष्ट्रीय खिलाड़ी उपस्थित रही। इस अवसर पर समन्वय मंडपम संस्था के संचालक सत्यजीत सिंह ठाकुर, खेल प्रभारी हर्ष सिंह, खेल प्रशिक्षक मनीष यादव, जफर खान, विनोद रजक, दीपक यादव सहित खिलाड़ी उपस्थित रहे।

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित पार्क में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

## महिला परिवार की धुरी होती है: डॉ उमा लवानिया




**बीना।** हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित पार्क में संचालित जागरूक महिला मंडल के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलोनी की जागरूक एवं अपनी एक अलग पहचान रखने वाली गायत्री सिंह को महिला मंडल द्वारा शॉल एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ उमा लवानिया ने कहा कि एक महिला परिवार की धूरी होती है, परिवार का संतुलन होती है, वह अपने परिवार को बांधकर रखती है एवं एक नई ऊर्जा, नई दिशा, अनुशासन के माध्यम से अपने परिवार की पहचान समाज में स्थापित करती है। महिला स्वयं धैर्य, अनुशासन, त्याग, समर्पण, दया, ममता, करुणा, सहनशीलता जैसे आभूषणों से सुसज्जित होती है। इसलिए वह परिवार एवं समाज व देश के लिए अपना योगदान दे पाती है। कविता नाहर ने कहा जहां नारी की पूजा होती है वहां देवताओं का निवास होता है। इसलिए नारी का सम्मान ही एक परिवार व समाज का सम्मान है। नारी सृष्टि की अनमोल कृति है। हेमा उधवानी ने कहा कि नारी के विभिन्न रूप हैं और हर रूप को वह निभाती है। नारी के बिना यह संसार अधूरा है नारी नर की खान है। रजनी ने कहा नारी कभी मां बनकर कभी बहन तो कभी बेटी या बहु बनकर संसार के सारे रिश्ते नातों को निभाती है। समाज के लिए एक मिसाल होती है नारी जाति । कार्यक्रम में सौम्या, इंदु, किरण, सरिता, गंगा, मीरा, मीता, अनुराधा, सरोज, किरण, पूनम, लता, सुनीता, मीना आदि उपस्थित रहीं।

## महिलाओं को जागरूक करने जागरुकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**बीना।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सामाजिक संस्था समन्वय मंडपम द्वारा ग्राम आफत खेड़ी टपरा (आदिवासी टोला) में महिलाओं के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को स्वास्थ्य, स्वच्छता और स्वरोजगार के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर संस्था के सदस्यों ने ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार के विभिन्न अवसरों के बारे में मार्गदर्शन दिया और उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।

साथ ही प्लास्टिक के बर्तनों के उपयोग से होने वाले संभावित स्वास्थ्य नुकसान और कैंसर के खतरे के बारे में जानकारी दी गई। महिलाओं को प्लास्टिक के उपयोग को कम करने और स्वास्थ्य को सुरक्षित रखने के लिए स्टील के ग्लास वितरित किए गए तथा उनसे दैनिक जीवन में इनके उपयोग का आग्रह किया गया। इसके साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित बालिकाओं और महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी टीकाकरण के महत्व के बारे में जानकारी दी गई और उन्हें समय पर टीकाकरण कराने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में सत्यजीत सिंह, पंचायत सरपंच उर्मिला अहिरवार, संस्था समन्वयक धर्मेन्द्र सिंह ठाकुर, स्वयंसेवक टीम एवं ग्रामीणों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, पर्यावरण संरक्षण तथा आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया गया।

## एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान के पहले ही दिन 100 किशोरियों को टीका लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर




जिले में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए चल रहे एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान के अंतर्गत आज जिला अस्पताल सहित पूरे जिले में उत्साह के साथ टीकाकरण किया गया। पहले दिन जिले में कुल 100 किशोरी बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगाई गई। यह अभियान सीएमएचओ डॉ. अलका द्विवेदी के निर्देशन में संचालित किया जा रहा है। वहीं जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. जयकृत सिंह राजपूत द्वारा पूरे जिले में अधिक से अधिक किशोरी बालिकाओं तक वैक्सीन पहुंचाने के लिए विस्तृत योजना बनाई गई।

डॉ. राजपूत ने जिले के चारों ब्लॉकों के बीएमओ, बीपीएम, बीसीएम तथा जमीनी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं (आशा) के साथ वीसी (वीडियो कॉन्फ्रेंस) के माध्यम से चर्चा कर सभी सीएचओ और एएनएम को अपने-अपने क्षेत्रों की पात्र किशोरी बालिकाओं को सरकारी अस्पताल तक लाने के निर्देश दिए, ताकि अधिक से अधिक बालिकाएं इस जीवनरक्षक वैक्सीन का लाभ ले सकें।

इस दौरान टीकाकरण में जिला अस्पताल अशोकनगर में 36, सीएचसी शाढौरा में 29, ईसागढ़ में 19, मुंगावली में 11, चंदेरी में 5, कुल मिलाकर 100 किशोरी बालिकाओं को वैक्सीन लगाई गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा बताया गया कि 8 मार्च अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भी जिले में विशेष टीकाकरण सत्र आयोजित किए जाएंगे। इस दिन जिले की सभी सेशन साइट्स पर एचपीवी टीकाकरण किया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव का सुरक्षा कवच मिल सके। कार्यक्रम के दौरान जिला टीकाकरण टीम के पंकज शर्मा, वीसीसीएम प्रियंका सोनी, त्फ्ड, तथा एमसीएच विंग की सीनियर एएनएम हेमवती शर्मा, सोना कुशवाह, प्रीति शर्मा, रश्मि नामदेव, ममता यादव और अवधेश यादव सहित स्वास्थ्य विभाग का स्टाफ उपस्थित रहा और अभियान को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि वह अपनी बेटियों को इस महत्वपूर्ण टीकाकरण अभियान से जोड़कर उन्हें सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित बनाएं।

केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने की मंत्री गडकरी को पत्र लिखकर मांग

## मध्य भारत विकास पथ नागपुर-भोपाल-ग्वालियर ग्रीन कॉरिडोर से अशोकनगर, चंदेरी, मुंगावली जोड़ा जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर




अशोकनगर को सिक्स लेन ग्रीनफील्ड हाईवे से जोड़ने के लिए विधायक ने लिखे पत्र

मध्यप्रदेश में अधोसंरचना और औद्योगिक विकास को गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपने संसदीय क्षेत्र के प्रमुख शहरों को प्रस्तावित 'मध्य भारत विकास पथ' से जोड़ने का अनुरोध किया है।

इस संबंध में उन्होंने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि पिछोर, चंदेरी, मुंगावली, अशोकनगर और गुना जैसे महत्वपूर्ण शहरों को प्रस्तावित मध्य भारत विकास पथ (नागपुर-भोपाल-ग्वालियर ग्रीन कॉरिडोर) से सीधे जोड़ा जाए। 7 मार्च के अंक में हरिभूमि ने पक्ष और विपक्ष द्वारा संयुक्त रूप से की गई मांग को लेकर एक विस्तृत खबर इस कोरिडोर को अशोकनगर से जोड़ने की मांग को लेकर प्रकाशित की थी।

**क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को मिलेगी नई गति** सिंधिया ने अपने पत्र में उल्लेख किया कि वर्तमान में अशोकनगर, मुंगावली और चंदेरी जैसे प्रमुख शहर सीधे किसी राष्ट्रीय राजमार्ग से नहीं जुड़े हैं। इन शहरों को एक्सप्रेस-वे नेटवर्क से जोड़ने से न केवल यातायात सुविधाएं बेहतर होंगी, बल्कि क्षेत्र में निवेश, उद्योग और रोजगार के नए अवसर भी उत्पन्न होंगे। उन्होंने कहा कि बेहतर सड़क संपर्क से ग्वालियर-चंबल संभाग तथा आसपास के क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी और यह पूरा क्षेत्र विकास के नए मार्ग पर आगे बढ़ेगा।

**मध्य भारत विकास पथ क्षेत्रीय प्रगति का नया मार्ग** प्रस्तावित मध्य भारत विकास पथ वर्तमान में प्रारंभिक सर्वेक्षण के चरण में है, जिसके आगामी चार से पाँच महीनों में पूरा होने की संभावना है। इस सर्वे में चंदेरी, अशोकनगर और मुंगावली को इस कॉरिडोर से जोड़ने की संभावनाओं पर भी विचार किया जा रहा है। लगभग 746 किलोमीटर लंबा यह कॉरिडोर मुरैना से प्रारंभ होकर ग्वालियर-चंबल क्षेत्र और आगे नागपुर तक जाएगा। इसके माध्यम से न केवल प्रमुख शहरों के बीच आवागमन सुगम होगा, बल्कि चंदेरी और ओरछा जैसे महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों को भी बेहतर कनेक्टिविटी प्राप्त होगी। साथ ही यह मार्ग नागपुर से हैदराबाद तक की संपर्क व्यवस्था को भी मजबूत बनाएगा।

### गुना-अशोकनगर-चंदेरी मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने की मांग

केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने इसके साथ ही 114.70 किलोमीटर लंबे गुना-अशोकनगर-चंदेरी (एसएच 54) मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने के लिए भी प्रभावी पैरवी की है। यह मार्ग एनएच-46, एनएच 346 और एनएच 44 को आपस में जोड़ते हुए क्षेत्रीय सड़क नेटवर्क को और अधिक सुदृढ़ करेगा।

### करीला मेला पर मुंगावली के रेलवे क्रॉसिंग 17 नंबर पर बड़े ट्राफिक जाम होने की आशंका



**मुंगावली।** रंगपंचमी पर करीला में लगने वाले मेले को लेकर इस बार भी लाखों श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। ऐतिहासिक भीड़ भाड़ वाले मेले में 17 नंबर गेट पर बन रहे रेलवे फाटक पर बड़े जाम लगने की आशंका है। ब्रिज बना रही कम्पनी ने कोई भी तैयारी नही की है। दोनों तरफ बन रहे ब्रिज के पास सिर्फ एक ही रास्ता वाहनों को निकलने का है जिसमे आये दिन जाम लगा रहता है जबकि उत्तरप्रदेश ओर शिवपुरी दतिया टीकमगढ़ छतरपुर तरफ से सारे वाहनों से भर भर कर तीर्थ यात्री चन्देरी के रास्ते मुंगावली होकर करीला दर्शन करने जाते हैं। ब्रिज बना रही कम्पनी ओर प्रशासन द्वारा यहां पर कोई भी व्यवस्था नही की गई। जबकि मेला शुरू हो गया है।

### शिक्षकों को टीएटी अनिवार्य करना असंगत, अन्याय और उनके सेवाधिकारों का उल्लंघन

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश राज्य शिक्षक उत्थान संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह रघुवंशी ने शिक्षकों को टीएटी अनिवार्य करना उनके साथ असंगत, अन्याय और उनके सेवाधिकारों का उल्लंघन है। उन्होंने बताया कि 01 सितम्बर 2025 को सुप्रीम कोर्ट ने एक निर्णय दिया था जिसमें सभी शिक्षकों को टीएटी करने की अनिवार्यता की बात कही है। इस निर्णय से देश भर के लगभग आधा करोड़ और मध्यप्रदेश के लाखों कक्षा 01 से 08 तक के सेवारत शिक्षकों की नौकरी ख़तरे में आ गई है। चूंकि यह सेवारत शिक्षक दो, तीन, चार दशक पूर्व ही मध्यप्रदेश सरकार द्वारा शिक्षक पद की निर्धारित चयन प्रक्रिया पूर्ण कर शिक्षक पद पर नियुक्त हुए थे। उस समय न तो आरटीए था और न ही टीएटी था। इन समस्त शिक्षकों के नियुक्ति पत्र में भी भविष्य में टीएटी परीक्षा उत्तीर्ण करने की कोई शर्त भी नहीं लिखी थी। अतः उनको टीएटी अनिवार्य करना उनके साथ असंगत, अन्याय और उनके सेवाधिकारों का उल्लंघन है। मध्यप्रदेश के लाखों शिक्षकों की नौकरी और परिवारों को बचाना आपका दायित्व है। सुप्रीम कोर्ट के उपरोक्त निर्णय को चुनौती देते हुए उत्तरप्रदेश सहित देश के अधिकांश राज्यों ने सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर कर दी हैं।